दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

(Accredited A++ by NAAC)

पत्रांक : सम्बद्धता / 2025 / 05 / 6710 दिनांक : 24/05/2025.

महत्वपूर्ण / अनुस्मारक–पत्र–प्रथम

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक
समस्त, संबंधित महाविद्यालय
सम्बद्ध– दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषय– शैक्षिक सत्र 2025–26 में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में प्रवेश एवं संचालन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता / 2024 / 07 / 5515 दिनांक 26.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से शैक्षिक सत्र 2025–26 में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम के संचालन हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त करना आवश्यक होगा, संबंधित निर्देश विश्वविद्यालय के पत्रांक– सम्बद्धता / 2025 / 04 / 6543 दिनांक 08.04.2025 द्वारा दिया गया था।

जिन महाविद्यालयों में पूर्व से बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम संचालित है या संचालित होने के प्रक्रिया में हैं, ऐसे महाविद्यालयों को शैक्षिक सत्र 2025–26 में छात्रों का नवीन प्रवेश करने से पूर्व ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय–

| | |
|---|---|
| 1 | Babu Vishram Singh Mahavidyalaya, Rohari Gorakhpur |
| 2 | Buddha Degree College,Cl-1, Sector-7 Gida Gorakhpur |
| 3 | D.A.V. P.G. College, Gorakhpur |
| 4 | Digvijay Nath P. G. College, Gorakhpur |
| 5 | I T M College Of Science And Management, Gida, Gorakhpur |
| 6 | Institute Of Management And Science, Gida, Gorakhpur |
| 7 | Institute Of Teacher Training, Maniram, Gorakhpur |
| 8 | Islamia College Of Commerce, Gida, Gorakhpur |
| 9 | Islamia College Of Commerce, Gorakhpur |
| 10 | Kailash Institute Of Management Gida Gorakhpur |
| 11 | Vidyawati Devi Mahavidyalaya, Jharahi, Tamkuhiraj, Kushinagar |
| 12 | Mahatma Gandhi P. G. College, Gorakhpur |
| 13 | Marwad Business School, Naseerabad, Gorakhpur |
| 14 | S. R. Degree College, Gajpur, Banspar, Gorakhpur |
| 15 | Shaheed Bandhu Singh Degree College, Karmahan, Sardarnagar, Gorakhpur |
| 16 | Shree Rainath Brahamdev Mahavidyalaya, Salempur, Deoria |
| 17 | Shriram Mahavidyalaya, Teliya Kalan, Deoria |
| 18 | St. Andrew's College, Gorakhpur |
| 19 | Madhusudan Das Degree College, Asuran, Gorakhpur |

**ध्यातव्य है कि बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों को, परामर्शी निकाय ए0आई0सी0टी0ई0 (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्) द्वारा औपचारिक स्वीकृति प्राप्त करना होता है, जिससे कि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही अतिरिक्त सुविधाओं का लाभ महाविद्यालयों को प्राप्त हो सके।**

अतः आपको सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2025–26 में बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम की सम्बद्धता एवं नियमानुसार कक्षा संचालन प्राप्त करने के उपरान्त, नवीन छात्रों का प्रवेश लेने से पूर्व "ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा निर्गत मान्यता पत्र की प्रति" अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025–26 में नवीन प्रवेश (नामांकन) प्रतिबंधित रहेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
2 परीक्षा नियन्त्रक, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
3 प्रभारी सचिव कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4 वैय0 सहायक कुलसचिव।

उप–कुलसचिव